# आंगनवाड़ियों में दर्ज बच्चों के बनेंगे आधार कार्ड

## ई-गवर्नेंस और डाकघर के सहयोग से विशेष शिविर लगाकर बनाएंगे

नवभारत न्यूज

**हरदा, 24 अगस्त . कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में जिले की सभी आंगनवाड़ियों में दर्ज बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि इसके लिए ई-गवर्नेंस और डाकघर के माध्यम से विशेष शिविर आयोजित कर आधार पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कराई जाए, ताकि कोई भी बच्चा आधार सुविधा से वंचित न रहे.**




कलेक्टर ने कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की स्थिति की समीक्षा करते हुए विभागीय अमले को निरंतर निगरानी और प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को चिन्हित कर आवश्यकता के अनुसार पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कराया जाए, जिससे उन्हें बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें.

बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों से वितरित होने वाले टेक होम राशन की भी समीक्षा की गई. कलेक्टर ने अधिकारियों को राशन की गुणवत्ता और पात्र हितग्राहियों तक निर्धारित मात्रा में इसकी पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही टेक होम राशन का प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा.

उन्होंने 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों की अपार आईडी अपडेट कराने के निर्देश भी दिए. इसके अलावा जिले की सभी गर्भवती और धात्री माताओं का अनिवार्य रूप से पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि उन्हें विभागीय योजनाओं और पोषण संबंधी सेवाओं का समय पर लाभ मिल सके.

कलेक्टर ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए. बैठक में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी विवेक शर्मा सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे.

## स्कूलों के टायलेट साफ-सुथरे रखें, सड़कों पर निराश्रित गौवंश न रहे

**हरदा.** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने स्कूलों के टायलेट साफ-सुथरे और उपयोगी रखने के साथ उनकी नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने को कहा.

कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों को सुपोषित श्रेणी में लाने के लिए निरंतर प्रयास करने, उनके पोषण स्तर की निगरानी और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. उन्होंने सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशालाओं में शिफ्ट करने को कहा, ताकि दुर्घटनाओं की स्थिति न बने.

उन्होंने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का अभियान चलाकर कार्य पूर्ण कराने, नगरीय क्षेत्रों में पेयजल पाइपलाइन को भूमिगत रखने तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कर वसूली में तेजी लाने को कहा.




### टिमरनी एसडीएम कार्यालय को मिला आईएसओ प्रमाण-पत्र

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने टिमरनी एसडीएम कार्यालय को आईएसओ प्रमाण-पत्र प्राप्त होने पर यह प्रमाण-पत्र एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया को प्रदान किया. उन्होंने कार्यालयीन कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि आईएसओ प्रमाण-पत्र कार्यालय की सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है. बैठक में अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.

# चतुर्थ सोमवार को निकली नागेश्वर कांवड़ यात्रा

## शिव का अभिषेक कर श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना, 500 से अधिक कांवड़िए हुए शामिल

**माखन नगर, 24 अगस्त 2026. श्रावण माह के चतुर्थ सोमवार को अंकुर युवा संस्था के तत्वावधान में 15वीं विशाल नागेश्वर कांवड़ यात्रा निकाली गई. यात्रा में 500 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए.**

कांवड़िए अग्रवाल मशीन परिसर में एकत्रित होकर वाहनों से गनेरा के चौकाघाट पहुंचे. यहां मां नर्मदा का पूजन कर कांवड़ियों ने नर्मदा जल भरा और पैदल माखन नगर के मंगलवार बाजार स्थित प्राचीन शिवालय के लिए रवाना हुए. कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े. माखन नगर पहुंचने पर श्रद्धालुओं



ने मंदिर में नर्मदा जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया. इसके बाद पूजन-अर्चना और आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया. यात्रा में शामिल कांवड़ियों का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और फलाहार कर स्वागत किया गया. विधायक विजय पाल सिंह ने माखन नगर में कांवड़ यात्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें भेंट प्रदान की. गनेरा, नगवाड़ा, डांगीवाड़ा, समोन सहित विभिन्न स्थानों पर टावरी परिवार, लायंस क्लब, गायत्री परिवार सहित नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी कांवड़ियों का सम्मान किया.



## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

**हरदा.** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के इनडोर स्टेडियम में सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग की शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसमें हरदा, खिरकिया और टिमरनी विकासखंड के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर शासकीय पीएम श्री महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार गौर, कन्या शाला की प्राचार्य मंजूलता खरे, क्रीड़ा अधिकारी राहुल सराठे, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान और बैडमिंटन कोच विनोद यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

## कंपनी समामेलन एवं प्रतिभूति प्रबंधन पर व्याख्यान




**इटारसी, 24 अगस्त . शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में 'भारत में कंपनी समामेलन, प्रतिभूति प्रबंधन एवं वित्तीय विवरण—हितधारकों के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण' विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. राकेश मेहता ने की. डॉ. मेहता ने अपने संबोधन में कंपनी अधिनियमों और हितधारकों के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की. मुख्य वक्ता कंपनी सेक्रेटरी अनुराग दुबे ने व्यावसायिक संगठनों के विभिन्न स्वरूपों, एमसीए सर्विस के माध्यम से कंपनी गठन की वैधानिक प्रक्रिया तथा आईपीओ की व्यावहारिक कार्यप्रणाली के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी.

विभागाध्यक्ष सुरेश गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की विषय-वस्तु पर डॉ. जेपी चौरे ने प्रकाश डाला. उन्होंने विद्यार्थियों को कंपनी प्रबंधन और वित्तीय प्रक्रियाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझाया. संचालन संयोजक एवं सहायक प्राध्यापक बालगोविंद शुक्ला ने किया,


### एक नजर में

## 27 अगस्त को होगा श्रावणी उपाकर्म



हरदा. शुक्ल यजुर्वेदीय समाज के लिए इस वर्ष श्रावणी उपाकर्म 27 अगस्त को किया जाएगा. ज्योतिषाचार्य पंडित शिरीष दिनेश चंद्र शर्मा (छिपानेर वाला) ने बताया कि धर्मशास्त्र के ग्रंथ धर्मसिंधु के द्वितीय परिच्छेद में दिए गए विधान के अनुसार इस वर्ष श्रावणी उपाकर्म की तिथि निर्धारित की गई है. पंडित शर्मा के अनुसार 28 अगस्त 2026, शुक्रवार को पूर्णिमा 12 घटी से कम होने के कारण *धर्मसिंधु* के मतानुसार शुक्ल यजुर्वेदीय समस्त द्विज 27 अगस्त को ही श्रावणी उपाकर्म करेंगे. उन्होंने बताया कि श्रावणी उपाकर्म वैदिक परंपरा और संस्कारों से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है. इसके माध्यम से वेदाध्ययन, संस्कारों तथा सनातन परंपराओं के संरक्षण का संकल्प लिया जाता है. उन्होंने समाजजनों से धर्मशास्त्रीय विधान के अनुसार 27 अगस्त को श्रावणी उपाकर्म विधिपूर्वक संपन्न करने का आग्रह किया.


## पंच पिपलेश्वर महादेव का श्रीकृष्ण स्वरूप में दिव्य श्रृंगार



**हरदा.** पवित्र सावन माह के चतुर्थ सोमवार एवं द्वादशी के अवसर पर हरदा मंडी प्रांगण स्थित श्री पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया. इस अवसर पर महादेव ने दिव्य गोवत्स श्रीकृष्ण स्वरूप में श्रद्धालुओं को दर्शन दिए. विशेष श्रृंगार को देखने के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही. भगवान भोलेनाथ के इस अनूठे स्वरूप को कलाकार जयकृष्ण चांडक ने साकार किया. वे पिछले 22 वर्षों से मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विभिन्न स्वरूपों में श्रृंगार करते आ रहे हैं. यह उनका मंदिर में 105वां श्रृंगार रहा. इस स्वरूप को तैयार करने में करीब सात घंटे का समय लगा. श्रृंगार में मिट्टी, रंग, चमकदार कपड़े, चुनरी, फूलों की मालाओं और आकर्षक रंगोली का इस्तेमाल किया गया. कलाकार ने अपनी कला के माध्यम से भगवान भोलेनाथ के श्रीकृष्ण स्वरूप को जीवंत रूप प्रदान किया. दिव्य स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे. श्रृंगार कार्य में रोहित सोनी ने भी सहयोग किया.

# बुजुर्गों- दिव्यांगों के लिए घर जाकर केवायसी की सुविधा देने की मांग

**इटारसी. नगर पालिका परिषद की विभिन्न योजनाओं, विशेषकर पेंशन के लिए जरूरी बायोमेट्रिक केवायसी प्रक्रिया में बुजुर्गों और दिव्यांग नागरिकों को हो रही परेशानी को लेकर पूर्व पार्षद नीलेश मनोहर मालोनिया ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र सौंपा है.**



उन्होंने शहर के सभी 34 वार्डों में असहाय नागरिकों के लिए डोर-टू-डोर केवायसी सुविधा शुरू करने की मांग की है. मालोनिया ने पत्र में नगर पालिका की उस पहल की सराहना की, जिसमें वार्ड 23 में पार्षद की पहल पर टीम ने एक बुजुर्ग महिला के घर पहुंचकर उनकी केवायसी प्रक्रिया पूरी कराई थी. उन्होंने कहा कि इस सुविधा को केवल एक वार्ड तक सीमित न रखते हुए पूरे शहर में लागू किया जाना चाहिए.

उन्होंने कहा कि नगर पालिका कार्यालय प्रथम तल पर होने के कारण बुजुर्ग, दिव्यांग और गंभीर बीमारी से पीड़ित कई नागरिक वहां पहुंचने में असमर्थ हैं.

# सदस्यों के सहयोग से ही समाज के कार्यक्रम सफल होते हैं : शर्मा

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 24 अगस्त. समाज का प्रत्येक सदस्य अपनी जिम्मेदारी निभाता है तो किसी भी कार्यक्रम की सफलता का श्रेय पूरे समाज को मिलता है.**



विगत दिवस नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने व्यक्तिगत भूमिका निभाकर आयोजन को भव्य बनाया, इसके लिए सभी का आभार है. आगामी 13 सितंबर को सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भी सभी के सहयोग से भव्यता मिलेगी. समाज के सभी सदस्य बढ़-चढ़कर सहभागिता करेंगे तो समाज की प्रगति और अधिक होगी. यह बात पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने जिझौतिया समाज भवन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही.

मध्यप्रदेश कड़ा मानिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण समाज एवं आपदा अक्षय कोष प्रबंधन समिति द्वारा समाज के सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन 13 सितंबर 2026, रविवार को द पार्क रिसॉर्ट, इटारसी में किया जाएगा. आयोजन की तैयारियों को लेकर जिझौतिया भवन में बैठक आयोजित की गई. इसमें समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति और युवाओं ने सहभागिता की.

बैठक में सामाजिक बंधुओं ने सम्मान समारोह को सफल और गरिमामय बनाने के लिए सुझाव दिए.



## साकेत पंचायत भवन में घुसा 7 फीट का सांप

**इटारसी.** ग्राम पंचायत साकेत के सामुदायिक भवन में सोमवार को करीब 7 फीट लंबा सांप घुसने से हड़कंप मच गया. पंचायत सचिव ने सांप को कमरे में जाते देखा और तत्काल सरपंच को सूचना दी. इसके बाद वन विभाग और सर्प मित्रों की टीम मौके पर पहुंची और सांप को सुरक्षित रेस्क्यू कर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया. जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव राजेंद्र सोलंकी ने सामुदायिक भवन के कमरे में एक बड़े सांप को जाते हुए देखा. कमरे में राशन कंट्रोल का सामान और बोरियां रखी थीं. सूचना मिलने पर सरपंच ने वन विभाग और सर्प मित्र अभय चौरे को जानकारी दी. वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन और सर्प विशेषज्ञ अभिजीत यादव के मार्गदर्शन में सर्प मित्र मोहित मेहरा और प्रफुल्ल चौरे मौके पर पहुंचे.

# रक्षाबंधन पर लिया नशामुक्ति और नारी सम्मान का संकल्प

**इटारसी. रक्षाबंधन के अवसर पर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, इटारसी में अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं गायत्री ट्रस्ट के तत्वावधान में विशेष आयोजन किया गया. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने 'भाई-बहन संकल्प पत्र' का वाचन कर नशामुक्त जीवन, नारी सम्मान और स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया.**



कार्यक्रम में छात्रों ने संकल्प लिया कि वे समाज की प्रत्येक महिला में अपनी बहन की छवि देखेंगे और महिलाओं के साथ होने वाले अन्याय, अत्याचार एवं अशिष्ट व्यवहार का विरोध करेंगे. उन्होंने स्वयं सभी प्रकार के नशे और अश्लील सामग्री से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया.

छात्राओं ने भी भाइयों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें. उन्होंने कहा कि समाज में अपराध और बुराइयों को रोकने के लिए भाइयों का नशामुक्त रहना ही रक्षाबंधन का सबसे बड़ा उपहार है. गायत्री ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी शरद वर्मा, सदस्य बृजेश पटेल एवं रैकवार ने गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक वाचन कराया.



# झमाझम बारिश से 3 .50 फीट बढ़ा नर्मदा का जलस्तर

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 24 अगस्त . नर्मदापुरम सहित जिले में रविवार रात से ही मौसम मेहरबान बना हुआ है. शहर और आसपास के इलाकों में लगातार बारिश का दौर जारी है. बीती रात नर्मदापुरम में करीब पौने 4 इंच झमाझम बारिश होने के बाद सोमवार सुबह कुछ समय के लिए धूप खिली, जिससे लोगों को लगा कि मौसम साफ हो गया है.**

हालांकि, दोपहर बाद अचानक मौसम ने फिर करवट ली और आसमान में बादल छा गए. इसके बाद शहर के विभिन्न हिस्सों में तेज बारिश शुरू हो गई. यानी बीते 24 घंटे के दौरान नर्मदापुरम में करीब 4 इंच बारिश हुई. बीती रात और दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश से सड़कों पर पानी भर गया. लगातार बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई. प्रमुख सड़कों और गलियों में पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा. कई स्थानों पर राहगीरों और वाहन चालकों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा.

### जारी रहेगा बारिश का दौर

बीती रात नर्मदापुरम में सबसे अधिक 92.8 मिमी बारिश दर्ज हुई हैं. वहीं जिले में अन्य तहसीलों में इटारसी 22.8 मिमी बारिश दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार नर्मदापुरम में बारिश का यह दौर फिलहाल थमता नजर नहीं आ रहा है.रविवार रात से शुरू हुई बारिश ने शहर के मौसम को पूरी तरह बदल दिया है. तेज बारिश के बाद रात के तापमान में भी डेढ़ डिग्री कि गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया. इस दौरान न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री दर्ज किया गया.

In The Court Of II Civil Judge Class-I,
Itarsi District Court, Hoshangabad
Presiding Officer- श्रीमति आयुषी गुप्ता
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908
के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु
MJC SUC/0000002/2026)
अभिषेक जोसफ ...........वादी
Vs
रीजनल मैनेजर पश्चिम-2 टाटा केपिटल लिमि.
यूनिट नं 01 .....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक 29/09/2026

प्रेषिती (1) सर्वसाधारण पिता- सर्वसाधारण पता - दैनिक समाचार पत्र नवभारत तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र.

यह कि प्रार्थी **अभिषेक जोसफ** ने आपके विरूद्ध **आवेदन अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम** के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 24 August 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा **(आयुषी गुप्ता)**
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश खण्ड इटारसी
जिला नर्मदापुरम (मप्र)

**टिप्पणी:-** आवेदन की प्रति पेश
**कृपया ध्यान दें:-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**आयोजन** ▶ मां नर्मदा कांवड़ यात्रा में जगह-जगह लगाए औषधीय पौधे

# तिलक-सिंदूर संग जलाभिषेक, 17वें वर्ष में पहुंची मां नर्मदा कांवड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 24 अगस्त. श्रावण मास के पावन अवसर पर मां नर्मदा कांवड़ यात्रा समिति द्वारा आंवलीघाट से तिलक सिंदूर तक आयोजित दो दिवसीय कांवड़ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई.**



रविवार को आंवलीघाट से शुरू हुई यात्रा श्रावण के अंतिम सोमवार को तिलक सिंदूर महादेव मंदिर पहुंची. यहां बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने मां नर्मदा के पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की. यात्रा में धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया. समिति ने यात्रा मार्ग में आने वाले विभिन्न गांवों में औषधीय पौधे लक्ष्मी तरु का रोपण किया. आंवलीघाट स्थित मंगल भवन में नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने पौधारोपण किया. ग्राम चौंतलाय में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री एवं बैतूल के पूर्व न्यास अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, ढाबा कला में दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष मस्तान सिंह राजपूत तथा जमानी में वरिष्ठ समाजसेवी हेमंत दुबे ने लक्ष्मी तरु के पौधे लगाए. संयोजक रामजीवन साध एवं संरक्षक महेश गोयल ने बताया कि ब्रह्मलीन संत उमानाथ जी महाराज के सान्निध्य में शुरू हुई मां नर्मदा कांवड़ यात्रा इस वर्ष 17वें वर्ष में प्रवेश कर गई है.

### 20 से अधिक गांवों से होकर गुजरी यात्रा

कांवड़िए आंवलीघाट से मां नर्मदा का जल लेकर पदयात्रा पर निकले. यात्रा ग्वाड़ी, हथनापुर, बूंडारा कला, गोंडी खरार, चौंतलाय, धमासा, झिल्लाय, सतवासा, उराड़ी, कोटलाखेड़ी, जिजलवाड़ा, बघवाड़ा, धर्मकुंडी, हिरणखेड़ा, मकोड़िया, ढाबा कला, कूकड़ी आश्रम, मालोथर, तीखड़ एवं जमानी होते हुए तिलक सिंदूर पहुंची. पूरे मार्ग में श्रद्धालु हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े.